# मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0

## चर्चा में क्यों?

**हरियाणा सरकार ने** [मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0](https://www.drishtiias.com) के तहत ड्रॉ के माध्यम से 20 ज़िलों में **4,533 लाभार्थियों** को भूखंड आवंटित किये।

## मुख्य बिंदु

- **प्रथम चरण में आवंटित आवासीय भूखंड:**
  - **20 ज़िलों** की ग्राम पंचायतों में सभी पात्र आवेदकों को **100 वर्ग गज के भूखंड आवंटित किये गए:**
    - अंबाला, भिवानी, चरखी दादरी, फतेहाबाद, गुरुग्राम, हिसार, झज्जर, जींद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, नारनौल, नूंह, पलवल, पानीपत, रेवाडी, रोहतक, सिरसा, सोनीपत और यमुनानगर।
  - **जींद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, भिवानी, फतेहाबाद, रोहतक और हिसार ज़िलों के** [घुमंतू जाति](https://www.drishtiias.com)**,** विधवा और अनुसूचित जाति के पात्र आवेदकों को भी **100 वर्ग गज के भूखंड** प्राप्त हुए।
  - **महाग्राम पंचायत बहल** में पात्र आवेदकों को **50 वर्ग गज के भूखंड** आवंटित किये गए।
- **आवंटन की विधि:**
  - पारदर्शी और निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभार्थियों को आवासीय भूखंडों का आवंटन **ड्रा सिस्टम के माध्यम द्वारा किया गया।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mukhyamantri-gramin-awas-yojana-20